>

Title: Need to undertake gauge conversion of Gwalior-Sheopur railway line in Jhansi Division.

श्री अशोक अर्गल (मुरैना) : महोदय, उत्तर मध्य रेलवे के झांसी डिवीजन के अंतर्गत ग्वालियर, श्योपुरकला रेल लाइन के गेज परिवर्तन की आवश्यकता है। उक्त रेल लाइन 100 वÂर्ष पूर्व डाली गई है। उक्त ट्रैक पर कई बार इंजन/बोगियाँ पटरी से नीचे उतर जाती हैं, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। उक्त रेल लाईन के गेज परिवर्तन का सर्वेक्षण हो चुका है। मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि शीघ्र ग्वालियर श्योपुरकला रेल लाईन आमान परिवर्तन के कार्य की स्वीकृति प्रदान की जाये।